## सार-समाचार

### 12 कुंडों का गौ अर्पण समारोह कल

**राजलदेसर** (निसं)। श्री राजलदेसर गौशाला में रविवार शाम को गौशाला परिसर में कार्यकारीणी की बैठक गौशाला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगतमल पाण्डिया की अध्यक्षता में आयोजित की गयी जिसमें आगामी 18 जून बुधवार को शाम 5 बजे गौशाला परिसर में बने दानदाताओ के सहयोग 12 बरसाती पानी संजय के कुंड का गौअर्पण समारोह को लेकर चर्चा की गयी। जिसमें 10 बरसाती पानी के सोखते थे कुण्ड भी बनाए गए हैं। उनका भी लोकार्पण होगा। साथ ही 12 प्रस्तावित नए बरसाती पानी संचय के कुंड का भूमि पूजन भी होगा। इस कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वंदे गंगा जल संरक्षण योजना के प्रदेश संयोजक मुकेश दाधीच, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड, पूर्व विधायक रतनगढ़ अभिनेश महर्षि, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त बीकानेर एवं गौशाला के संरक्षक ईश्वरचंद तोदी अनेकों अतिथि गण शिरकत करेंगे। बैठक में गौशाला मंत्री ललित दाधीच, डॉ. हीरालाल सोनी, उपाध्यक्ष वीरेंद्र लाटा, रामचंद्र प्रजापत, कोषाध्यक्ष परमेश्वर फोगला, हड़मान सोनी, रतनलाल बारूपाल, विनोद भाटिया, मांगीलाल प्रजापत, मुकेश श्रीमाल, परमानंद प्रजापत, राधेश्याम पाण्डे, महावीर पारीक सहित गौशाला के अन्य सदस्य गण मौजूद रहे।

### डाबला स्टेशन पर टनकपुर-दौराई एक्सप्रेस के ठहराव की मांग

**पाटन** (निसं)। डाबला रेलवे स्टेशन पर टनकपुर-दौराई एक्सप्रेस (15091/15092) के ठहराव की मांग एक बार फिर जोर पकड रही है। सोमवार को रेल संघर्ष समिति के नेतृत्व में डाबला क्षेत्र के ग्रामीणों ने स्टेशन मास्टर को रेल मंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि डाबला एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां से प्रतिदिन हजारों यात्री यात्रा करते हैं। इनमें सैनिक, पूर्व सैनिक, व्यापारी, शिक्षक, मजदूर वर्ग तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र शामिल हैं। वर्तमान में टनकपुर-दौराई एक्सप्रेस का डाबला स्टेशन पर ठहराव नहीं है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यात्रियों को मजबूरी में नीम का थाना या नारनौल स्टेशन से ट्रेन पकड़नी पड़ती है, जो डाबला से लगभग 35 किलोमीटर दूर हैं। गर्मी के मौसम में यह दूरी और अधिक कठिनाईपूर्ण हो जाती है। रेल संघर्ष समिति के सदस्यों ने जानकारी दी कि इससे पूर्व भी कई बार इस मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया है, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है। इस बार सौंपे गए ज्ञापन के दौरान समिति के युवा नेता नरेंद्र सैनी, बलवंत, राकेश, अशोक, अमित, राजेश सैनी, अभिषेक, नीतू, सुभाष, मोहित शर्मा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।ग्रामीणों ने आशा जताई कि रेल मंत्री इस जनहित की मांग पर शीघ्र निर्णय लेंगे और डाबला स्टेशन पर टनकपुर-दौराई एक्सप्रेस के ठहराव की व्यवस्था करेंगे।

### 39वीं बार रक्तदान किया

**झुंझुनूं**, (निसं)। प्रीति मेमोरियल सोसायटी के संस्थापक एवं राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बीकानेर में व्याख्याता प्रो. हितेश सैनी ने अपनी माता स्व. ज्यानकी देवी की पुण्यतिथि पर उन्हें एक अनूठी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने पीबीएम अस्पताल बीकानेर स्थित ब्लड बैंक में 39वीं बार रक्तदान कर मानवीय सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रो. सैनी ने जानकारी दी कि वे अठारह वर्ष की आयु से ही नियमित रूप से रक्तदान कर रहे हैं और हर वर्ष कम से कम दो से तीन बार स्वैच्छिक रक्तदान करते हैं। वे न केवल स्वयं रक्तदान करते हैं, बल्कि प्रीति मेमोरियल सोसायटी के माध्यम से रक्तदान शिविरों का आयोजन भी करवाते रहते हैं। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि वे अपने पूर्वजों की जयंती या पुण्यतिथि जैसे अवसरों पर रक्तदान कर समाज को जीवनदायिनी सेवा दें। उनका संदेश है 'स्वैच्छिक रक्तदान एक सेवा नहीं, संकल्प होना चाहिए।'' इस अवसर पर ब्लड बैंक, पीबीएम अस्पताल के प्रो. डॉ. अरुण भारती ने उन्हें 39वीं बार रक्तदान करने पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ''ऐसे समर्पित रक्तदाता ही समाज को नई दिशा देते हैं और ज़रूरतमंदों को जीवन देते हैं।'' इस अवसर पर पौत्र वत्सल ने भी अपनी दादी मां को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भविष्य में पिता की तरह रचनात्मक कार्य करने की सीख ली।

### चिकित्सालय में वाटर कूलर लगाया

**रतनगढ़**, (निसं)। स्थानीय राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी के पास पेयजल की आवश्यकता पूर्ति हेतु रतनगढ़ नागरिक परिषद ट्रस्ट दिल्ली एन सी आर द्वारा वाटर कूलर स्थापित किया गया है । ट्रस्ट के स्थानीय समन्वयक कुलदीप व्यास ने बताया कि चिकित्सालय परिसर में आने वाले रोगियों व उनके परिजनों के उपयोगार्थ यह वाटर कूलर स्वर्गीय मानक चंद-मोहिनी देवी दूगड़ की स्मृति में उनके सुपुत्र पवन दूगड़ द्वारा प्रदान किया गया है। ट्रस्ट के सचिव कुणाल व्यास,सहयोजित सदस्य संतोष कुमार इंदौरिया व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर वेदप्रकाश ने सी एम एच ओ कार्यालय के पास स्थापित इस शीतल जल मंदिर का रविवार शाम विधिवत शुभारंभ किया। संतोष कुमार इंदौरिया ने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सेवाकार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। डॉ वेदप्रकाश ने चिकित्सालय परिवार की ओर से ट्रस्ट व दूगड़ का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के स्थानीय प्रतिनिधि मनोज जोशी, चिकित्सालय स्टाफ कमल कुमार आत्रेय, गोपाल मीणा, शंकर लाल, मोहन बहल आदि उपस्थित थे।

### प्याऊ का जीर्णोद्वार करवाया

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर पुलिस थाना परिसर में स्वर्गीय मंगनीराम, शंकर लाल दाधीच की स्मृति में थाना परिसर में पूर्व में बनाई गई वाटर कलर युक्त प्याऊ जो कि जर्जर अवस्था में थी इसी को ध्यान में रखते हुए राजलदेसर कस्बे के भामाशाह सुरेंद्र दाधीच ने प्याऊ का फिर से जीर्णोद्वार करवाया एवं रंग रोगन करके नया वाटर कूलर फिल्टर आरो प्लांट आदि पुलिस थाना परिसर में लगाया गया जिसका उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी कमलेश सैनी, भामाशाह सुरेंद्र दाधीच पंडित देवकीनंदन दाधीच भाजपा नेता शंकर लाल खडोलिया कमल दाधीच युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतन लाल मंत्री मदन दाधीच मुकेश श्रीमाल श्री राजलदेसर गौशाला के कोषाध्यक्ष परमेश्वर फोगला सांवरमल ढाका आदि उपस्थित थे इस अवसर पर थाना प्रभारी ने कहा भामाशाह सुरेंद्र दाधीच के द्वारा पुलिस थाना परिसर में जो कार्य करवाए गए हैं उनकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है इससे पूर्व भी उन्होंने पुलिस थाना परिसर में कमरे का निर्माण करवाया था आगे भी पुलिस थाना परिसर में इसी तरह सहयोग करने की कामना की।

### विद्यार्थियों ने जागरुकता रैली निकाली

**झुंझुनूं**, (निसं)। भारत सरकार द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं से पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू ने हरी झंडी दिखाकर नशामुक्ति जागरूकता रैली को रवाना किया गया। नर्सिंग विद्यार्थियों ने रैली के स्लोगन व नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट तक पहुंचे। आमजन को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। इसी क्रम में 25 जून को अंतरराष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस मनाया जाएगा। पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू ने बताया कि युवाओं में बढ़ती नशें की प्रवृत्ति अत्यंत ही चिंताजनक है। देश के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए नशामुक्ति अभियान में आमजन की सक्रिय भागीदारी की नितांत आवश्यकता है। इस दौरान डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, डॉ. कपूर थालौर, डॉ. नावेद, आबिदा समेत स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

### सुमेधानंद सरस्वती आज बारां दौरे पर

**सीकर** (निसं)। केंद्र की भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती इसी कड़ी में 17 जून को बारां जिले में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने जाएंगे। निजी सचिव ओम सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के ऐतिहासिक 11 वर्ष पूर्ण होने पर बारां जिले में 17 जून को आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के तौर मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में उपलब्धियां की प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। प्रबुद्धजनों के साथ संगोष्ठी करेंगे और प्रेस वार्ता करेंगे। इस दौरान बारां जिले के शीर्ष नेतृत्व सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आमजन भी मौजूद रहेंगे।

### नन्दनी ने नीट परीक्षा में सफलता हासिल की

**सीकर** (निसं)। धोद के चन्द्रप्रकाश सोनी एवं संजू सोनी की पुत्री नन्दनी सोनी ने नीट परीक्षा 2025 में शानदार सफलता प्राप्त की है। नन्दनी ने 720 में से 544 अंक हासिल कर ओबीसी वर्ग में 6594 वीं रैंक प्राप्त की है। नन्दनी ने बताया कि पढ़ाई के दौरान स्वयं को नियंत्रित करना होता है। व्यवस्थित व नियमित तरीके से टाईम फिक्स कर स्टडी जरूरी होती है।

# 'हम प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति अपने दायित्वों को समझें और इसका समुचित निर्वहन करें'

**चूरू** (निसं)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने सोमवार को 'वंदे गंगा-जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत चूरू के चलकोई स्थित बालाजी जोहड में जल पूजन कर पौधरोपण और श्रमदान कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, प्रधान दीपचंद राहड, वासुदेव चावला, ओम सारस्वत, सुरेश सारस्वत, नरेन्द्र काछवाल सहित अनेक लोग मंचस्थ थे। इस दौरान भंवरलाल स्वामी, सज्जन सिंह बीका, मघाराम मेघवाल, किशन सिंह, राजेन्द्र, रामदेव, दशरथ सहित ग्रामवासियों ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि पानी को बचाना हमारी जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप हम प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति अपने दायित्वों को समझें तथा उनका समुचित निर्वहन करते हुए

**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने वंदे गंगा-जल संरक्षण जन अभियान के तहत बालाजी जोहड़ में जल पूजन, पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।**

प्राकृतिक संपदा का संवर्धन करें। उन्होंने कहा कि 'वंदे गंगा-जल संरक्षण जन अभियान' में जनता की भागीदारी ही इसकी सफलता की कुंजी है। हमारी पीढ़ी ने आधुनिकता के कारण प्रकृति एवं प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया है तथा अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरती है। इसके परिणामस्वरूप आज पृथ्वी का तापमान निरंतर बढ़ रहा है तथा प्राकृतिक संसाधनों की निरंतर हानि हो रही है।

हमारा दायित्व है कि हम पर्यावरण संरक्षण को अपने दैनिक आदतों में शामिल करें। केंद्र सरकार 8 लाख करोड रुपए पेयजल पर खर्च कर रही है। इसी के साथ गरीबों, वंचित वर्ग को आवास, खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत अनाज, फ्री इलाज आदि सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि हम पेड लगाए तथा उनके सर्वाइवल की जिम्मेदारी भी लें। हम पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करें।

विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि आने वाली पीढ़ी हमें कोसे नहीं, इसलिए हमें पानी बचाने चाहिये। हमें स्वयं को इसकी शुरुआत करनी होगी। सरकार ने घर-घर जल पहुंचाने का संकल्प लिया है, लेकिन हमें बरसात के जल को बचाने के लिए घरों में कुंड, टंकी आदि बनाने होंगे। सभी के सम्मिलित प्रयासों से ही प्रकृति का संरक्षण हो सकेगा। उन्होंने कहा कि चूरू मरुस्थलीय जिला है। यहां पानी की कमी है।

इसलिए हम भौगोलिक परिस्थितियों के मध्यनजर पानी व प्रकृति का महत्व समझें। पानी को बचाएं और परिवेश के अन्य लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने चलकोई क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति को सात्यूं से जोडे जाने का आग्रह किया। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि हमारी सरकार ने जन-जन को जल संरक्षण से जोडने के लिए अभियान चलाया है। हम अपने तालाब, कुंड, बावडी आदि को बचाएं, संरक्षित करें व उनका रखरखाव रखें।

प्रधान दीपचंद राहड ने अतिथियों का स्वागत करते हुए 'एक पेड़-मां के नाम' अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक पेड लगाए जाने की अपील की तथा चलकोई स्थित बालाजी जोहड के जीर्णोद्धार कार्य के लिए पीएचईडी मंत्री से आव्हान किया। इस अवसर पर मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने उपस्थित जनसमूह से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए चलकोई क्षेत्र को सात्यूं से जोडे जाने की घोषणा की तथा बालाजी जोहड में तारबंदी, वृक्षारोपण, मरम्मत व जीर्णोद्धार कार्य करवाए जाने के लिए बजट उपलब्ध कराने हेतु आश्वस्त किया।

इस दौरान एसीईओ दुर्गा ढाका, तहसीलदार अशोक गौरा, पीएचईडी एडीशनल चीफ इंजीनियर राममूर्ति, पीएचईडी एसई चुन्नीलाल, रवि आर्य, गोपाल बालाण, श्रीराम पीपलवा, किशन सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## जलभराव की स्थिति को देखते हुए वार्डवासियों ने प्रदर्शन किया

**रतनगढ़**, (निसं)। रतनगढ़ कस्बे के रेलवे फाटक चूरू एवं अंडर ब्रिज के बीच सालासर रोड पर रेलवे भूमि के अलावा आबादी भूमि के खांचे में जहां बरसात का पानी एकत्रित होकर आगे नाले में निकास होता है वहां पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जे करने की नियत से मिटी भरने से सालासर सड़क और मौहल्ले में पानी भर गया। जलभराव की स्थिति को देखते हुए वार्ड वासियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया, वार्ड वासियों ने विधायक पूसाराम गोदारा को अवगत करवाते हुए अवरुद्ध नाले को खुलवाने की मांग की, जिसपर विधायक गोदारा मौके पर पहुंचे। वार्ड वासियों ने विधायक को अवगत करवाते हुए बताया कि इस भूमि पर लंबे समय से पानी इकट्ठा होकर आगे नाले में पानी का निकास होता है।

लेकिन कुछ भूमाफियाओं द्वारा रेलवे का नाम लेकर यहां पर ट्रॉलियों से मिटी डालकर इस नाले को अवरुद्ध कर दिया जिसके कारण कल की बरसात से मोहल्ले में और सालासर रोड पर गंदा पानी इकठ्ठा हो गया, विधायक ने मौके पर ही उपखंड अधिकारी रतनगढ़ से दूरभाष पर सम्पर्क करके मिट्टी को हटाने व अवरुद्ध नाले को खुलवाने एवं सडक पर इक्कठे गंदे पानी की निकासी के लिए कहा गया। साथ ही मौका स्थिति का निरक्षण कर मोहल्ले की खांचा भूमि को भूमाफियाओं से बचाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा गया। रतनगढ़ नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को भी मौके से सम्पर्क किया गया लेकिन अधिशाषी अधिकारी मीटिंग में होने के कारण संपर्क नहीं हो पाया। विधायक ने बताया कि कस्बे में इस प्रकार की घटनाएं बहुत ही निंदनीय है, आमजन को बेवजह परेशान किया गया है जो कि उचित नहीं है , विधायक ने वार्ड वासियों को आश्वाशन दिया कि भूमाफियाओं को कही पर भी कब्जा नहीं करने दिया जाएगा, विधायक ने मौके पर ही जेसीबी लगवाकर अवरुद्ध नाले को खुलवाकर पानी निकासी की व्यवस्था को शुरू करवाया । इस दौरान विधायक के साथ अरविंद चाकलान, पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगडवा, देहात ब्लॉक अध्यक्ष भानीराम मेघवाल,चरणसिंह कोका, पार्षद अकरम खान, पूर्व पार्षद जुगल किशोर प्रजापत, पवन माटोलिया, रिटायर्ड विनोद जोशी, पूर्व बैंक मैनेजर शिवलाल सहित वार्ड वासी मौजूद रहे।

## पचेरीकलां में व्यापारी को फोन पर रंगदारी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**खेतड़ी**, (निसं)। पचेरीकलां पुलिस ने किराना व्यापारी को फोन पर धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। थानाधिकारी राजपाल सिंह ने बताया कि 4 मई को पचेरीकलां निवासी निखिल महाजन रिपोर्ट दी कि उसने कस्बा पचेरी कलां में दुकान कर रखी है। उसके पास फोन आया दुकान चलाने के लिए रंगदारी देनी होगी तथा नहीं देने पर 24 घन्टे में वारदात करने की धमकी दी।

मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाहक एसपी देवेन्द्र सिंह राजावत ने विशेष टीम का गठन कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। इस दौरान वारदात में हरियाणा के बदमाश योगेश ऊर्फ बजर के खिलाफ अपराध प्रमाणित पाया जाने पर आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम ने आरोपी के संभावित स्थानो पर दबीश दी गई।

इस दौरान पचेरीकलां पुलिस व हरियाणा पुलिस सदर नारनौल की



**पचेरीकलां पुलिस ने किराना व्यापारी को फोन पर धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।**

सहायता से आरोपी योगेश ऊर्फ बजर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी योगेश ऊर्फ बजर पुलिस थाना सिंघाना व पुलिस थाना सदर नारनौल हरियाणा में भी वांछित चल रहा है, जिसके खिलाफ सात मामले दर्ज हैं।

इस दौरान टीम में थानाधिकारी राजपाल सिंह, एएसआई फतेहसिंह, नरेश कुमार, कृष्ण कुमार, एचसी दिनेश कुमार, विरेन्द्र, कांस्टेबल कमलेश, रणवीर सिंह, कृष्ण, विजय आदि शामिल थे।

## जिला कलेक्टर ने आवश्क बैठक ली

**झुंझुनूं**, (निसं)। सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजन की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने समीक्षा बैठक की। जिसमें समस्त जिला अधिकारियों के साथ सभी ब्लॉक स्तर के अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

योग दिवस 2025 के नोडल अधिकारी एवं उप निदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ. जितेंद्र स्वामी ने प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने समीक्षा उपरांत जिले के वंचित धार्मिक स्थलों पर भी योग दिवस समारोह आयोजित करने बाबत पूर्व में चिह्नित 11 स्थानों के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर भी योग करवाने के लिए निर्देशित किया। जिसमें झुंझुनूं का बंधे का बालाजी मंदिर, खेमी सती मंदिर, चंचलनाथ जी का टीला, खेतडी ब्लॉक में विवेकानंद स्मारक स्थल, भोपालगढ, खेतडी कॉपर कॉम्प्लेक्स, बांसियाल अभ्यारण, उदयपुरवाटी ब्लॉक में मनसा माता मंदिर, केड शक्ति माता मंदिर, नवलगढ़ ब्लॉक में पोद्दार कॉलेज, श्री सीमेंट गोठडा, अलसीसर ब्लॉक में जैन मंदिर टमकोर एवं गांगियासर मंदिर मुख्य रूप से शामिल हैं। जिला कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार इस बार योग दिवस का आयोजन एक विशिष्टता और वृहदता के साथ सम्पादित किया जाना है। जिसमें न केवल आमजन को योग के साथ जोडना है। इसलिए राजस्थान के धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर योग दिवस का आयोजन कर उन्हें वैश्विक मानचित्र पर स्थापित भी करना है। इस वर्ष अधिकतम स्थानों पर अधिकतम प्रतिभागियों के साथ योग दिवस का आयोजन कर हम विश्व कीर्तिमान बनाने की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने सभी विभागों के सहयोग के साथ जिले में योग दिवस पर 1.25 लाख प्रतिभागियों को योग दिवस में सहभागिता का लक्ष्य प्रदान किया।

साथ ही सभी विभागों के उत्तरदायित्वों का विभाजन करते हुए आयुर्वेद विभाग को व्यापक प्रचार प्रसार एवं आयोजन संबंधी व्यवस्थाएं, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को प्रत्येक योगाभ्यास स्थल पर प्राथमिक चिकित्सा, शहरी निकाय एवं ग्राम पंचायत को साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था, शिक्षा विभाग को योग संबंधी व्याख्यान, निबंध प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन की जिम्मेदारी प्रदान कर समस्त उपखंड अधिकारियों को नियमित पर्यवेक्षण के लिए पाबंद किया।

## सीएचसी का निरीक्षण किया

**झुंझुनूं**, (निसं)। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने सोमवार को सूरजगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय एवं 108 एंबुलेंस का औचक निरीक्षण किया। डॉ. गुर्जर ने पहले अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने सीएचसी के ओपीडी, वार्ड, लेबर रूम और डीडीसी का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। लू, तापघात के मरीजों के लिए की गई व्यवस्थाओ का जायजा लिया। उन्होंने तिरपाल थर्माकॉल आइस बॉक्स चैक किए। उन्होंने सीएचसी पर एसी, कूलर, पंखे चालू है या नहीं, ऐसी व्यवस्थाओं को चैक किया।

## समसपुर पंचायत के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया

**झुंझुनूं**, (निसं)। जिले के समसपुर गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों की प्रमुख मांग है कि ग्राम समसपुर को नगर परिषद झुंझुनूं के परिसीमन क्षेत्र से अलग किया जाए और इसे ग्राम पंचायत के रूप में ही बनाए रखा जाए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि हाल ही में नगर परिषद झुंझुनूं के परिसीमन के तहत प्रस्तावित 23 गांवों में से 19 गांवों को पहले ही वापस लेकर उनकी पूर्ववर्ती पंचायतों में मिला दिया गया है, लेकिन समसपुर गांव को अब तक नगर परिषद से अलग नहीं किया गया है। इसको लेकर ग्रामवासियों में गहरा रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि नगर परिषद के मास्टर प्लान 2031 में समसपुर गांव को शामिल नहीं किया गया था। इसके बावजूद गांव को नगर परिषद सीमा में लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों का तर्क है कि समसपुर गांव नगर परिषद झुंझुनूं से करीब 9 किलोमीटर दूर स्थित है, जबकि अन्य कई निकटवर्ती गांवों को नगर परिषद में शामिल नहीं किया गया है। इस प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे समसपुर निवासी दयाराम डूडी ने कहा कि हमारी ग्राम पंचायत को यथावत बनाए रखने की मांग को लेकर हम कई बार प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं। जिला कलेक्टर और मुख्यमंत्री जनसुनवाई में भी ज्ञापन सौंप चुके हैं, लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# अवैध कनेक्शन पर लगाए अंकुश, पानी चोरी करने वालों पर कार्रवाई करें : कन्हैयालाल चौधरी

**चूरू** (निसं)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी सोमवार को चूरू दौरे पर रहे। उन्होंने जिला परिषद सभागार में मंगलवार को जलदाय विभाग के अधिकारियों को विभागीय समीक्षा बैठक में दिशा निर्देश दिए।

चौधरी ने कहा कि अवैध जल कनेक्शनों पर अंकुश लगाएं तथा पानी की चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुकदमे दर्ज करें। पाइप-लाइन में अवैध कनेक्शन करने वालों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई कर पानी चोरी को रोकें। सभी फील्ड स्तरीय अधिकारी सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में अवैध जल कनेक्शन व पानी चोरी नहीं हो।

उन्होंने विधानसभा वार जल की मांग, आपूर्ति, संसाधनगत व्यवस्था, प्रोजेक्ट कार्यों, विविध योजनाओं की जानकारी लेते हुए विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं में समुचित कार्ययोजना पर काम करें। प्रदेश सरकार जल परियोजनाओं के लिए मुक्त हस्त से बजट दे रही है। उन्होंने कहा कि विभिन्न परियोजनाओं में ठेकेदारों द्वारा लापरवाही बरते जाने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई करें तथा नोटिस देकर जुर्माना लगाएं। जल जीवन मिशन सरकार का

**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को विभागीय समीक्षा बैठक में दिशा निर्देश दिए।**

महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए जनप्रतिनिधि, अधिकारियों एवं समस्त मशीनरी को पूर्ण लगन व निष्ठा के साथ लगाना होगा।

उपखंड अधिकारी, पीएचईडी और जनप्रतिनिधि आपसी समन्वय के साथ सरकारी परियोजनाओं को सफल बनाएं। समुचित पेयजल आपूर्ति के लिए पुराने एवं खराब हो गए ट्यूबवेल, हैंडपंप की मरम्मत करवाई जाए। इसी के साथ पारंपरिक जल स्त्रोतों में पानी का संरक्षण कर उसका समुचित उपयोग किया जाए। इसके लिए पंप में इनटेक करने से लेकर राइजिंग लाइन में डालने और एसआर भरने से लेकर डिस्ट्रीब्यूशन तक संपूर्ण मेकैनिज्म पर निगरानी रखी जाए। अधिकारी अपना दायित्व समझें तथा जिम्मेदारी का समुचित निर्वहन करते हुए प्रदेश सरकार की मंशानुरूप आमजन को बेहतर सेवाओं का लाभ दें।

जिला प्रमुख वंदना आर्य ने अधिकारियों को बेहतरीन सेवाओं व गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिए। विधायक हरलाल सहारण ने चूरू विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याएं रखी। सूजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने सूजानगढ़ क्षेत्र में जल स्तर कम हो जाने के कारण तथा पेयजल की समुचित आपूर्ति नहीं होने की समस्या रखी। रतनगढ विधायक पूसाराम गोदारा ने रतनगढ व सुजानगढ़ क्षेत्र में पेयजल कनेक्शन नहीं होने व परियोजनाओं में लापरवाही से निर्माण कार्य की बात रखी। पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने अवैध जल कनेक्शन पर मुकदमे दर्ज करवाने, उच्च जलाशयों की जर्जर व क्षितग्रस्त होने के कारण दुर्घटनाओं की संभावना, टैंकरों के माध्यम से पानी चोरी करने सहित समस्याएं रखीं।

इन समस्याओं को लेकर मंत्री ने अधिकारियों को समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने जिले में व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए निर्देशों की समुचित पालना किए जाने, जल जीवन मिशन में प्रोजेक्ट कार्यों व विभिन्न परियोजनाओं के कार्य समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण किए जाने हेतु नियमित मॉनीटरिंग के लिए आश्वस्त किया।

इस दौरान जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, चूरू प्रधान दीपचंद राहड, वासुदेव चावला, बसंत शर्मा, सीईओ श्वेता कोचर, पीएचईडी एडिशनल चीफ इंजीनियर राममूर्ति, पीएचईडी एसई चुन्नीलाल सहित जलदाय विभाग के अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**रतनगढ़** (निसं)। स्थानीय चूरू रोड स्थित श्री परशुराम अतिथि भवन में अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित के साथ शुरू हुवे कार्यक्रम मे गौड ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष सुधाकर सहल, पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, रमेश चंद्र इंदौरिया, समिति संरक्षक राम प्रताप शर्मा, गौतम महर्षि, संतोष बाबू इंदौरिया मंचस्थ अतिथि थे।

मंचस्थ अतिथियों का तिलक, दुपट्टा, शॉल, श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जयप्रकाश ताम्रायत ने स्वागत भाषण दिया एवं भविष्य की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला।

**बेदखली साधारण सूचना**

मै मदनलाल नाई पुत्र श्री टिकुराम व संतोष पत्नी मदनलाल नाई जाति नाई निवासी वार्ड नं. 14 कस्बा राजगढ़ तहसील राजगढ़ जिला चूरू के हैं, जो निम्न कथन शपथपूर्वक बयान करते है कि :- 1. यह कि प्रीति हमारी पुत्रवधु है। हमारा पुत्र पवन कुमार विदेश में मजदुरी करता है, हमारा पुत्र पवन कुमार व हमारी उक्त पुत्रवधु प्रीति हमसे करीब तीन साल से अलग रहते है। हमारे उक्त पुत्र व पुत्रवधु का रहन-सहन व लेन-देन करीब तीन साल से हमसे अलग है। हमारा उक्त पुत्र व उक्त पुत्रवधु हमारे कहने में नही है हमारे से आए दिन झगड़ा-फसाद करते है, इस कारण हमने आज दिनांक 16.06.2025 को हमारे उक्त पुत्र पवन कुमार व पुत्रवधु प्रीति को हमारे परिवार की संपूर्ण चल-अचल संपति से बेदखल कर दिया है। आज से इनका हमारी किसी भी प्रकार की संपति व जायदाद में कोई हक व हिस्सा नही रहा है। हमने हमारे परिवार से इनको अलग कर दिया है, यह हमारे परिवार के सदस्य नही रहे हैं। इनके द्वारा किए जाने वाले किसी प्रकार के कोई लेन-देन के जिम्मेवार हम नहीं होगे लेन-देन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होगें। हमारे घर व परिवार से इनका कोई लेना-देना नही रहा है। इनके द्वारा किसी प्रकार का लेन-देन करने, वाद-विवाद या झगडा-फसाद करने पर या अन्य कोई भी गलत काम करने पर व कोई मुकदमा बाजी या आपराधिक घटना कारित करने पर हमारे व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। हम सर्व साधारण को सूचित करते है कि सूचित रहे।

शपथग्रहिता - मदनलाल